कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

ज्ञापांक : 88 दिनांक : 07.02.2022

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा पृच्छित कुल तीन बिन्दुओं पर वांछित अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

07-2-22

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

F.C. Note
07.02.2022

कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

ज्ञापांक 322 दिनांक 09/02/2022

प्रतिलिपि :– परियोजना पदाधिकारी सी0सी0एल0, कोतरे बसंतपुर पचमो खुली खदान परियोजना, दरभंगा हाउस दामोदर भवन, ग्राउंड फ्लोर कचहरी रोड़, राँची, झारखण्ड पिन कोड–834029 (Eamil-pokbp2018@yahoo.com) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त में दिये गये बिन्दु संख्या–1 एवं 2 का अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र समर्पित किया जाय।

9/2/22

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

09/02/2022

कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची ।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email-pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक– 109 राँची, दिनांक– 04/02/2022

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो।

वन संरक्षक, प्रोदशिक अंचल, बोकारो।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

विषय :– सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोतरे बसन्तपुर पचमो कोल माईन्स परियोजना हेतु बोकारो वन प्रमण्डल अन्तर्गत 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध मे।

प्रसंग :– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो का पत्रांक 57 दिनांक 24.01.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि सी0सी0एल0 की कोतरे बसन्तपुर पचमो कोल माईन्स परियोजना हेतु बोकारो वन प्रमण्डल अन्तर्गत 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव ऑनलाईन तथा उसकी हार्ड कॉपी 5 प्रतियों में प्राप्त हुई है।

विषयगत वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के समीक्षा के क्रम में निम्नवत् बिन्दुओं पर प्रतिवेदन अपेक्षित है :–

1. दिनांक 08.10.2021 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही (इस कार्यालय का ज्ञापांक 1327 दिनांक 28.10.2021 की छायाप्रति संलग्न) के संबंध में अनुपालन स्थिति प्रतिवेदन।
2. प्रस्ताव के साथ Authenticated Land Schedule संलग्न नहीं है।
3. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल द्वारा निर्धारित प्रपत्र Part-II में प्रविष्टि दर्ज करते हुए उसे अपलोड नहीं की गयी है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर वांछित अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0 / –

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक – 109 दिनांक– 04/02/2022

प्रतिलिपि :– मुख्य महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं वन), सी0सी0एल0, दरभंगा हाऊस, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

E:\Coash\Nitishji\Letter.Doc